Madhya Pradesh, Bihar and UT of Delhi during 1986-1993 is given below:

State	No. of cases Scheuule Castes	Scheduled Tribes	Data for 1993 upto
1. Uttar Pradesh . . .	36507	NJ	May, 1993
2. Madhya Pradesh	32227	14157	May, 1993 ;
3. Bihar	6953	1032	December 19
4. Delhi	21	Nil	June 1993 ;

(b) and (c) No Sir. The cases are under different sages of trial in the courts on procedural grounds.

(d) and (e) Yes, Sir. The existing Dist and Sessions courts in these States have been specified as Special Courts for trial of these offences in accordance with the provisions under the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes (Prevention of Atrocities) Act, 1989 which cam-; into force w.e.f. 30th January, 19990.

उत्तर प्रदेश के स्वयंसेवी कल्याण संगठन

3498. **श्री ईश दत्त यादव** : क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश के कितने स्वयंसेवी कल्याण संगठन केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड से अनुदान प्राप्त कर रहे हैं, उनके नाम क्या हैं और उनका जिलावार ब्यौरा क्या है,

(ख) क्या सरकार इन संगठनों के खातों की लेखा परीक्षा करती है,

(ग) क्या इन संगठनों द्वारा धन-राशि का दुरुपयोग करने के मामले सरकार की जानकारी में आए हैं, और

(घ) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है और उन पर क्या कार्यवाही की गई है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (महिला और बाल विकास विभाग) में राज्य मंत्री (श्रीमती वासवा राजेश्वरी) : (क) से(घ) सूचना एकत्र की जा रही है और सदन के पटल पर रख दी जाएगी ।

जाली अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति प्रमाण-पत्र

3499. **श्री राम सिंह राठवा** : क्या **कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि बहुत अधिक जाली अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र प्रचलन में हैं,

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों के दौरान पकड़े गए ऐसे मामलों की राज्यवार संख्या कितनी हैं,

(ग) क्या सरकार ने इन प्रमाण पत्रों को जारी करने वाले अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा की है,

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

कल्याण मंत्री (श्री सीताराम केसरी) : (क) जी, हां ।

(ख) एक विवरण संलग्न है । **(नीचे देखिये)** ।

(ग) और (घ) सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को समय-समय पर अनुरोध करते हुए